## एक नजर में

### नि :शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 को

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर/ब्यावरा 20 अप्रैल, सं.** श्री गौड़ (सुतार) समाज का आदर्श तृतीय नि :शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को खिलचीपुर में होगा. विवाह सम्मेलन खिलचीपुर स्थित बड़ा मेला ग्राउण्ड राजगढ़ रोड पर रखा गया है. समाज का यह तृतीय नि :शुल्क सम्मेलन होगा. जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को प्रात: 11 बजे श्री गणेश स्थापना एवं श्री सत्यनारायण भगवान कथा, सायं 5 बजे वर वधु का आगमन, सायं 4 से रात्रि 12 बजे तक प्रीतिभोज तथा पाणिग्रहण संस्कार मध्य रात्रि में सम्पन्न होगा.

### खरीदी केन्द्रों पर जूट बैग रखने के निर्देश

**राजगढ़ 20 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने जिले के सभी खरीदी केंद्रों पर बारदाने (जूट बैग) की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. साथ ही उन्होंने कहा कि डीएम नॉन द्वारा पोर्टल पर बारदाने की जानकारी दर्ज नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उपार्जित फसल का भुगतान त्वरित रूप से किया जाए तथा भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सख्त लहजे में कहा कि भुगतान में विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन कार्य में पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और व्यवस्थित रूप से संचालित हों, जिससे किसानों को बेहतर सुविधा मिल सके. बैठक में जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### आदर्श गौशालाओं की बनेगी कार्ययोजना

**राजगढ़ 20 अप्रैल, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग में संचालित क्षीर धारा ग्राम योजना एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य को सात दिवस में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया. साथ ही जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी कर सात दिवस में पूर्ण करने हेतु सख़्त निर्देशित किया. बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारी को नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन काटने के के निर्देश दिए। साथ ही निराश्रित पशुओं को गोशाला में भेजने हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने भी निर्देश दिए.


**जमीन बेचना है**

2 बीघा जमीन कचनारिया टोल प्लाजा धर्म काटा से लगी भूमि बाईपास ब्यावरा से 2 किमी भोपाल रोड नेशनल हाईवे क्रमांक 46 पर फ्रंट लगभग 300 फीट स्कूल कॉलेज दुकान होटल बिजनेस हेतु उपयुक्त डिमांड 2.5 ढाई करोड़ रूपये.
**मो. नं. - 7803874337**
*बिल: 26 अप्रैल*


## सादगी के साथ फिजूल खर्ची को बायबाय : जिले में 4 स्थानों पर विवाह सम्मेलन में 232 जोड़ों ने लिए सात फेरे







# अक्षय बंधन : तृतीया पर एक दूजे के हुए 232 जोड़े

### ब्यावरा के समीप दांगी समाज के सम्मेलन 104 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/पचोर/सारंगपुर 20 अप्रैल, का. जिले में 3 स्थानों पर आयोजित 4 विवाह सम्मेलनों में 232 जोड़ों ने अक्षय तृतीया के मौके पर सात फेरे लिए. परिणय तिथियों के लिहाज से अक्षय मुहूर्त में सभी ने फिजूल खर्ची को बायबाय कहते हुए सादगी से बड़े जनमानस के बीच अपने वैवाहिक जीवन की अक्षय शुरूआत की. ब्यावरा के समीप ग्राम अतरालिया में दांगी समाज के विवाह सम्मेलन में 104 जोड़ों का सामुहिक परिणय कराया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के पदाधिकारी, गणमान्यजन और समाजबंधु शामिल हुए.**

अखिल भारतीय क्षत्रिय दांगी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर अंचल में काफी उत्साह देखा गया. विशाल पाण्डाल की व्यवस्था ग्रामीणों और समाजजनों द्वारा की गई. विवाह की रस्में और वैदिक मंत्रों



के साथ सात फेरे लिए गए. इस मौके पर दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव और पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी सहित कई लोगों ने नए जोडों को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया. समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने कहा कि शादियों में दिखावे और फालतू खर्च पर लगाम लगनी चाहिए. उन्होंने सलाह दी कि जो पैसा शादियों में बर्बाद होता है, उसे बच्चों की पढ़ाई और उनके रोजगार में लगाएं ताकि परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बन सके. समाज के अन्य वक्ताओं ने भी सादगी से शादी करने और मिल-जुलकर रहने पर जोर दिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया. दांगी समाज का यह आयोजन फिजूलखर्ची रोकने और आपसी भाईचारे की एक अच्छी मिसाल बनकर उभरा.

### 51 बेटियों का हुआ पाणिग्रहण संस्कार

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 20 अप्रैल, का.** कई दिव्य संतो की तपोभूमि श्री दुधिया दीवान धाम पर 51 बेटियों का नि:शुल्क विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ. आस्था, परंपरा,व सामाजिक समरसता का केंद्र रहा दूधिया दीवान गुरूकुलम द्वारा एक बार फिर सकारात्मक संदेश दिया है. यहां विराट नि:शुल्क कन्या विवाह का आयोजन हजारों जनमानस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. आयोजन की पूर्व रात्रि में बागेश्वर धाम से आचार्य रोहित रिछारिया का संगीतमय सुंदरकाण्ड का भव्य आयोजन हुआ. गायक अमित दुर्वे की भव्य भजन संध्या ने पूरी रात्रि मधुर भजनों से समा बांध दिया. काशी और गुरूकुलम के आचार्य श्री सागर उपाध्याय, समर्थ शास्त्री, कपिल शर्मा ने बेटियों का पाणिग्रहण संस्कार वैदिक रीति से सम्प्पन करवाया. निराश्रित , बिना माँ- बाप की बेटियों का विवाह का यह द्वितीय आयोजन था. बागेश्वर धाम सरकार के सानिध्य,,बाबा बालकनाथ महाराज के संरक्षण एवं महंत दिपेन्द्र दास महाराज की निगरानी तथा डॉ जगदीश शास्त्री के संकल्प से यह भव्य आयोजन हुआ. मुम्बई से आई तृप्ति व्यास ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी. नैनीताल उत्तरखण्ड से आये कलाकारों द्वारा नित्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. बाबा बालक नाथ जी महाराज सुठालिया,गाडरवारा धाम सरकार,बागेश्वर धाम से रोहित रिछारिया, कृष्णकांत आचार्य,,ऋषि पाठक काशी से, भरतगढ़ से महंत जी,भगवताचार्य सतीश नागर,,कपिल कुमार मानस मधुकर,देवकुल उपाध्याय,, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री मोहन नागर, जगदीश पंवार, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा , युवा मोर्चा से पवन शर्मा सहित हजारों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहा.

### पचोर में 66 जोड़ों का परिणय संस्कार हुआ

नवभारत न्यूज, पचोर 20 अप्रैल, सं. मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कृषि उपज मंडी में विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ सम्मेलन में 66 जोड़े हिंदू रीति रिवाज से पढ़ने बंधन में बंधे एवं साथ मुस्लिम जोड़े मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह के साथ निकाह संपन्न हुआ. वर वधुओं को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सांसद रोडमल नागर मैं सुखमय वाईवाहिक जीवन के आशीरवाद प्रदान किए. मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया गया इस क्रम में प्रख्यात भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धौलपुरे टीम मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर जिला शाजापुर के द्वारा मालवा की पारंपरिक मालवी लोक शैली में शादी विवाह समारोह पर आधारित गीत भजन और समरसता पर आधारित संत कबीर व संत रविदास मीराबाई के पदों का गायन किया गया. धोलपुरे टिम में संगीतकार आदर्श धौलपुरे एवं आदित्य धौलपुरे अशोक सिलोदिया नरेंद्र कुमार धौलपुरे बाबूलाल राजोरिया आदि कलाकारों ने भी संगत की शादी विवाह समारोह में बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि अधिकारी व अधिकारी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे और भजन लोकगीत का भरपूर आनंद लिया. कार्यक्रम में देवनारायण नागर जनपद अध्यक्ष सारंगपुर पंकज पालीवाल नगर पालिका अध्यक्ष सारंगपुर विकास करोड़िया अध्यक्ष नगर परिषद पचोर, ज्ञान सिंह गुर्जर भाजपा जिला अध्यक्ष, कैलाश चंद नगर जनपद उपाध्यक्ष सारंगपुर, राम भरोसा यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष पचोर विकास दीक्षित मंडल अध्यक्ष पचोर, श्रीमती भावना निलेश वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष सारंगपुर सहित जिले के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि व्यापारी गणमान्य नागरिक सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी आयोजन में उपस्थित रहे. नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़ीया नेआभार व्यक्त किया किया.

### पाटीदार समाज का 42वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**सारंगपुर 20 अप्रैल, सं.** मास्टरमाइंड कान्वेंट स्कूल परिसर में पाटीदार समाज द्वारा आयोजित 42 सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ इसमें समाज के साथ जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार वैवाहिक बंधन में बंद कर नए जीवन की शुरुआत की. सम्मेलन में विवाह संस्कार आचार्य पंडित सुनील कुमार शर्मा निवासी ग्राम कालूखेड़ा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से कराए गए. समिति अध्यक्ष मोहनलाल रावत जी ने बताया कि सुबह 5 से 6 बजे तक वर वधुओ एवं समाज जनों का आगमन हुआ. इसके बाद बारात का प्रवेश हुआ. 6 से 7 बजे के बीच गणेश पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधि पूर्वक कराए गए. 7 बजे मंडप प्रवेश, पैर प्रक्षालन, शुभ लग्न, चंवरी फेरा एवं मंडप बरसाना जैसी पारंपरिक रस्में संपन्न कराई गई. सुबह 11 के बाद नवविवाहित जोड़ों की विदाई हुई. विवाह आयोजित समिति द्वारा कन्यादान के रूप में अलमारी बर्तन पलंग बिस्तर सहित अन्य सामग्री प्रत्येक जोड़ो को प्रदान की गई इस सम्मेलन में राजगढ़ शाजापुर देवास सहित अन्य स्थानों से आए हुए वर वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया. आयोजन समिति ने बताया कि 42 से सम्मेलन की सफलता के बाद आगामी 2 मार्च 2027 को पाटीदार समाज का 43वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसमें अधिक से अधिक जोड़ों का विवाह कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारी गण आसपास से सामाजिक गांव से पधारे हुए सामाजिक वरिष्ठ गण सामाजिक कार्यकर्ता नगर समिति के सदस्य नगर के कार्यकर्ता सहित मातृ शक्तियों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान किया.

## बदली फिजा से राहत 2 डिग्री गिरा तामपान

### अधिकतम तापमान 41 से गिरकर 39 पर पहुंचा आसमान में बादल छाने से गर्मी से मिली मामूली राहत



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 20 अप्रैल, का.** अप्रैल माह के इन दिनों में जहां अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी का क्रम बना रहता है किंतु बदले मौसम के बीच सोमवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री से गिरकर 39 डिग्री पर जा पहुंचा. उल्लेखनीय है कि सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा. हवाएं भी चलती रही. इससे गर्मी के तीखे तेवरों से कुछ राहत मिली. मौसम विभाग भोपाल के अनुसार सोमवार को राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री रहा. जबकि एक दिन पूर्व रविवार को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री एवं इसके एक दिन पूर्व 42.1 डिग्री था. हालांकि दो दिन बाद फिर तापमान में बढ़ोत्तरी की बात मौसम विभाग द्वारा कही गई है. गौरतलब है कि एक-दो दिन पूर्व गर्मी के रौद्र रुप ने मुश्किलें बढ़ा दी थी. खुले आसमान के नीचे निकलना तक मुश्किल हो गया. मानों आसमान से आग बरस रही हो.



## विप्रजनों ने सारंगपुर में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 20 अप्रैल, सं.** धर्म, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का अनुपम दृश्य उस समय साकार हो उठा, जब ब्राह्मण समाज सारंगपुर के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास, वैभव और गरिमा के साथ मनाया गया. प्रात:काल नव-निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर, पंडितवाड़ी में आराध्य देव भगवान परशुरामजी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पूजन विधान पं सतीश जोशी, पं.भूपेंद्र जोशी, पं बालकृष्ण शर्मा, पं पवन पारीक, पं जेपी जोशी द्वारा कराया गया. इसके पश्चात विशाल वाहन रैली के रूप में समाजजन परशुराम चौराहे पहुँचे, जहाँ भगवान फरसे का पूजन किया गया. शोभायात्रा का समापन शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर में हुआ, जहाँ समाज अध्यक्ष पं. आशुतोष वैद्य नवयुवक मंडल अध्यक्ष पं. शुभम शर्मा एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पालीवाल द्वारा भगवान परशुराम का पूजन कर महाआरती की गई. कार्यक्रम का संचालन पं कुशल शर्मा ने किया. समस्त आयोजन समाज संयोजक पं प्रकाश तिवारी के संयोजन में संपन्न हुआ. अंत में ब्राह्मण समाज संचालक पं संजय शर्मा एवं सचिव पं संजय व्यास ने आभार व्यक्त किया.

## पानी से भरे गड्ढे में गिरा 13 वर्षीय बालक, मौत

### गांव पिपल्या बीजारेल में दर्दनाक हादसा

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 20 अप्रैल, सं. पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दुखद हादसा घटना घटी , जहां 13 वर्षीय बालक की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान धर्मराज 13 वर्ष पिता मोहन लाल बागरी, निवासी पिपल्या बीजारेल के रूप में हुई है. रविवार शाम को धर्मराज गांव में खुले स्थान पर खेल रहा था. इसी दौरान वह अचानक पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर गया. जब देर रात्रि तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. खोजबीन के दौरान पता चला कि वह गड्ढे में गिर गया है. परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की. धर्मराज का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया. गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया.

### मलबे से जाम नालियों को सफाई की दरकार

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 अप्रैल, का.** गर्मी भी तीखे तेवर दिखा रही है, ऐसे में सफाई व्यवस्था कहीं अधिक चाक चौबंद होना चाहिए किंतु नगर में अधिकांश लम्बे समय से नालियों की सफाई नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जूना ब्यावरा में जैन मंदिर के समीप नाली में भारी मात्रा में मलबा, कचरा देखा जा सकता है. इसी प्रकार नपा कॉम्पलेक्स के सामने, शहीद कॉलोनी, राजगढ़ रोड से विवेक टॉकीज जाने वाले मार्ग सहित कई जगह पर नालियों की सफाई नहीं होने से भारी दुर्गंध रहती है.



## प्रजापति समाज का नि :शुल्क विवाह सम्मेलन सम्पन्न

### मंत्रोच्चार और वैदिक रीतियों के साथ 27 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 20 अप्रैल, का. राजगढ़ जिले की ब्यावरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम चाटा में श्री खेड़ापति बालाजी महाराज की असीम कृपा से मालवीय प्रजापति समाज का विशाल तृतीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस मांगलिक आयोजन में समाज के 27 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया.**

सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्री गणेश और श्री खेड़ापति बालाजी के पूजन के साथ हुआ. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी 27 जोड़ों ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए. पूरा गांव और आयोजन स्थल समाज बंधुओं की उपस्थिति से गुंजायमान रहा. नि:शुल्क आयोजन होने के कारण समाज के सभी वर्गों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सहभागिता दर्ज कराई.

**सुखद भविष्य की कामना-** विवाह संस्कार संपन्न होने के बाद समाज के वरिष्ठ जनों और गणमान्य नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर समाज बंधुओं ने श्री काशी विश्वनाथ महादेव से प्रार्थना करते हुए कहा कि महादेव की कृपा इन सभी जोड़ों पर सदैव बनी रहे और उनका वैवाहिक जीवन हमेशा स्वस्थ, मस्त और खुशहाल रहे.

**सामाजिक एकजुटता का संदेश-** आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के नि:शुल्क सम्मेलनों का उद्देश्य समाज में एकता को बढ़ावा देना और फिजूलखर्ची को रोककर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करना है. सम्मेलन के सफल आयोजन पर मालवीय प्रजापति समाज के पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वाले ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया. इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, भाजपा युवा नेता मोहन पंवार, अमित शर्मा, जनपद अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, राधे दांगी, ग्राम चाटा के सरपंच, प्रजापति समाज के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, बेनीप्रसाद प्रजापति, शिक्षक मांगीलाल प्रजापति, अर्पित शर्मा, कैलाश प्रजापति चाटा, पार्षद रामबाबू प्रजापति, पूर्व पार्षद घनश्याम प्रजापति, ब्यावरा समिति अध्यक्ष पुरूषोत्तम प्रजापति सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. जिन्होंने नवदाम्पयों को शुभकामनाएं दी. साथ ही राजगढ़ जिले की सभी समितियों का मंच से सम्मान किया गया. इस मौके पर प्रजापति समाज के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे.

**समस्या** ▶ बीच सड़क खड़े पोल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे, विद्युत विभाग ने कहा नपा उठाएगी शिफ्टिंग का खर्च

## निकलने की जगह पर पोल खड़े कर दिए, लैम्प तक नहीं

**मुक्तिधाम मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्ग के मध्य विद्युत पोल बने हुए हैं खतरा**





नवभारत न्यूज
ब्यावरा 20 दिसम्बर, का. प्राय: सड़क वाहन, राहगीरों के आवागमन के लिए होती है, सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण, व्यवधान घातक होता है. किंतु इन सब से एक कदम आगे यदि सड़क के बीच विद्युत पोल लगे हो तो फिर किसी भी संभावित खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है.

ऐसे ही हालात नगर में कई जगह देखे जा सकते है. राजगढ़ रोड पर स्थानीय मुक्तिधाम मार्ग सहित अन्य जगह पर बीच सड़क पर विद्युत पोल खड़े हुए है. वाहनों के टकराने का डर बना रहता है. इतने गंभीर हालातों की भी अनदेखी बनी हुई है.

गौरतलब है कि स्थानीय राजगढ़ रोड पर श्री राधाकृष्ण मंदिर के सामने से मुक्तिधाम के लिए मार्ग जाता है. यह मार्ग कई रहवासी क्षेत्र कॉलोनियों का मुख्य मार्ग है वहीं बायपास व कई ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले भी इसी रास्ते से आते-जाते है लेकिन इस मार्ग पर आबकारी कार्यालय, पानी टंकी, श्रीराधाकृष्ण मंदिर के सामने सहित चार-पांच विद्युत पोल रोड के मध्य होने से वाहनों के टकराने का जोखिम बना रहता है. कुछ वाहन चालक पोल से टकरा भी चुके है.

### अंधेरे में नजर नहीं आते हैं पोल

दिन में एक नजर दिखाई देने पर वाहन चालक इन पोल से बचकर निकल जाते है, किंतु अंधेरा होने पर यह पोल जानलेवा साबित हो सकते है. इस मार्ग पर अंधेरा भी पसरा रहता है. समय रहते यदि पोल को साइड में शिफ्ट नहीं किया गया तो कोई अनहोनी घट सकती है.

### नपा ने कहा विद्युत विभाग ने नहीं दिया स्टीमेट बनाकर

इस संबंध में नपा का कहना है कि मुक्तिधाम मार्ग पर सीसी रोड बनाने के दौरान ही एक प्रपोजल बनाकर पोल साइड में शिफ्ट करने विद्युत विभाग को दिया था. किंतु विभाग द्वारा स्टीमेट बनाकर नहीं दिया गया. विद्युत विभाग द्वारा रोड के साइड में ही पोल शिफ्टिंग की जाती है. नवीन सड़क निर्माण के दौरान रोड की लम्बाई चौड़ाई बढ़ाने पर यह पोल रोड के बीच में आ गये. नपा द्वारा पोल को साइड में शिफ्टिंग करने विभाग के पास यदि प्रपोजल आता है तो इसका स्टीमेट बनाकर दे दिया जाएगा. पोल शिफ्टिंग में आने वाले खर्च का वहन नपा को ही करना होगा.